
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 10.04.2023 से 16.04.2023)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# बाबा मान सिंह जी को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रृद्धांजलि

(दिनांक 10.04.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने कुरूक्षेत्र जिला के पिहोवा में गुरुद्वारा सचखंड ईशर दरबार, जुरासी खुर्द में संत बाबा मान सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित करके श्रृद्धांजलि दी। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बाबा मान सिंह जी के साथ उनका गहरा नाता रहा है। बाबा मान सिंह जी सदैव समाज की भलाई, जन–जन के जीवन को सुखमय करना, वंचितों व जरूरतमंदों को शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य सुविधाएं मुहैया करवाने के बारे में ही सोचते थे। समाज सेवा के लिए संत बाबा मान सिंह जी को हमेशा याद किया जाएगा। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवारजनों व साध संगत के साथ हैं। बाबा मान सिंह जी का शरीर दुनिया से गया है, लेकिन उनकी वाणी, उनके विचार हमारे पास है। संतों की वाणी अमर होती है और यह अमरता केवल ऐसे व्यक्तित्व को प्राप्त होती है, जो सदैव जन कल्याण के लिए काम करते हैं। इसलिए हम सभी को संतो के दिखाए रास्ते पर चलते रहना है, यही संतों के प्रति सच्ची श्रृद्धांजलि होगी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## रुदेव सुदर्शन लाल महाराज जी का जन्म शताब्दी वर्ष कार्यक्रम

**(दिनांक 10.04.2023)**

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज पानीपत में गुरुदेव सुदर्शन लाल महाराज के जन्म शताब्दी वर्ष कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पिछले 8 वर्षों में दिव्यांगजनों को करीब 8 करोड़ रुपये के कृत्रिम उपकरण वितरित किए गए हैं। इसके अलावा, विभिन्न गैर सरकारी संगठनों को भी 44 करोड़ रुपये उपलब्ध करवाए गए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा इस कार्य के लिए बजट में भी वृद्धि की गई है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग तथा उपकरण भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए रेडक्रॉस की ओर से चलाए जा रहे 15 केन्द्रों का सारा खर्च भी सरकार उठा रही है। सरकार





ने 45 बाल आश्रम अनाथालय भी चलाए हैं, जिनमें अनाथ बच्चों के लिए 18 वर्ष तक शिक्षा का प्रावधान रखा गया है। यही नहीं, 18 से 25 वर्ष तक भी उनकी आगे की शिक्षा और पूरा खर्च सरकार वहन करती है।

सरकार ने हरिहर योजना के तहत अनाथ लड़के और लड़कियों के लिए ग्रुप सी और डी में नौकरी का प्रावधान करके उनके रहने के लिए मकान और शादी का खर्च भी देने का प्रावधान किया है। उन्होने कहा प्रदेश की दिव्यांग खिलाड़ी दीपा मलिक सभी दिव्यांगजनों के लिए प्रेरक है, जिन्होंने पैरालम्पिक में पदक जीतकर प्रदेश का नाम रौशन किया है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा भारत विकास परिषद और जैन समाज जिस तरह से दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में लाने के लिए और उन्हें स्वाभिमानी बनाने के लिए काम कर रही हैं इस पुनित कार्य में प्रदेश सरकार उन्हें हर तरह से सहयोग देगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में भारत विकास परिषद की करीब 50 ईकाइयां और पूरे देश में 1200 ईकाइयां काम कर रही हैं जो भिन्न–भिन्न रूप से गरीब व्यक्तियों के लिए काम करती है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के 1.80 लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों की एक वर्ष में प्रारंभिक मेडिकल चिकित्सा जांच करवाने के लिए निरोगी हरियाणा योजना चलाई जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की बिमारी का पहले ही पता चल सके और उन्हें समय पर इलाज मिलना सुनिश्चित किया जा सके।

# सीनियर राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ियों से मुलाकात

(दिनांक 10.04.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी पानीपत में विगत 23 मार्च से 26 मार्च तक महेंद्रगढ़ में संपन्न हुई सीनियर राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल विजेता हरियाणा की टीम को बधाई दी और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं देते हुए उनके उपलब्धि की कामना की। खिलाड़ियों को शॉल व ट्रैक सूट भी भेंट किए। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सीनियर महिला कबड्डी का खिताब रेलवे की टीम अपने नाम करती रही है। इस बार हरियाणा की महिला कबड्डी टीम ने अपना परचम लहराते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया।



# करनाल के घरौंडा में अनाज मंडी का औचक निरीक्षण

(दिनांक 11.04.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज करनाल के घरौंडा में अनाज मंडी का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी में गेहूं खरीद प्रबंधों का जायजा लिया और खरीद कार्य पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों की फसल का एक–एक दाना खरीदा जाएगा और निर्धारित समय अवधि में किसानों के बैंक खातों में भुगतान किया जाएगा। उन्होंने मंडी में फसल लेकर पहुंचे किसानों से भी बातचीत की और बारिश व ओलावृष्टि से फसल को हुए नुकसान की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में गेहूं, जौ और चना की खरीद 1 अप्रैल, 2023 से शुरू हो चुकी है। वहीं सरसों की खरीद 20 मार्च से शुरू हो चुकी है। सरकार द्वारा खरीद प्रक्रिया का सुचारू, निर्बाध और परेशानी मुक्त संचालन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रशासनिक सचिवों को जिलों के इंचार्ज के तौर पर प्रतिनियुक्त किया गया है। विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियां अर्थात खाद्य आपूर्ति, हैफेड, एचडब्ल्यूसी और एफसीआई द्वारा यह खरीद की जा रही है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## महाराजा अजमीढ़ जी की मूर्ति का अनावरण

(दिनांक 11.04.2023)




**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने करनाल में मैढ़ क्षत्रिय सुनार सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। तत्पश्चात माननीय मुख्यमंत्री जी ने चौक पर स्थापित की गई महाराजा अजमीढ़ जी की मूर्ति का अनावरण किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा अजमीढ़ ऐसे महापुरुष हुए, जिन्होंने राजस्थान में अजमेर शहर को बसाया। उनके नाम पर करनाल में चौक बनाने की मांग की गई थी। इस मांग को नगर निगम करनाल ने पूरा किया है। उन्होंने कहा कि मैढ़ क्षत्रिय सुनार सभा, करनाल ने संस्था के लिए एक प्लॉट की मांग भी की थी।

इस प्लॉट को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के माध्यम से दिया गया है। उन्होंने कहा कि मैढ़ क्षत्रिय सुनार समाज एक मेहनतकश समाज है। उन्हें खुशी है कि कर्मशीलता में विश्वास रखने वाला यह समाज निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने घोषणा करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि जयंती के साथ–साथ महाराजा अजमीढ़ जयंती भी मानई जाती है ऐसे में सरकारी अवकाश सूची में उस दिन महर्षि वाल्मीकि जयंती के साथ–साथ महाराजा अजमीढ़ जयंती को भी जोड़ा जाएगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## रबी सीज़न 2023-24 गेंहू की खरीद मानदंडों में छूट देने के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त

(दिनांक 11.04.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि के कारण रबी फसलों विशेषकर गेंहू की फसल में लस्टर लॉस या दाना टूटने के नुकसान के मद्देनज़र खरीद सीज़न 2023-24 के दौरान गेंहू की खरीद के मानदंडों में छूट देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी का हरियाणा के किसानों की ओर से आभार व्यक्त किया है।

किसानों की परेशानी को देखते हुए उन्होंने केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण व उपभोक्ता मामले मंत्री से टेलीफोन पर बात की और केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया था कि सरकार गेंहू की खरीद मानदंडों में छूट देगी और इसी कड़ी में केंद्र सरकार द्वारा इस आशय का परिपत्र भी जारी कर दिया है उन्होंने किसानों से संयम बरतने की अपील की है और कहा है कि कुदरत के आगे किसी का बस नहीं चलता। किसानी एक ऐसा व्यवसाय है जिसमें हर वक़्त जोखिम रहता है, जब तक फसल खेत–खलिहान से किसान के घर नहीं आती तब तक किसान असंजमस में रहता है।

इस बार बजट सत्र के दौरान विधानसभा सदन में विशेष गिरदावरी का आश्वासन दिया था। ई–फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल भी खुला है और किसान इस पर भी अपनी फसल के खराबे की जानकारी अपलोड कर सकता है।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की तस्दीक के बाद किसानों को मुआवजा दिया जाएगा और इस बार भी मई तक पूरा मुआवजा किसानों के खाते में पहुंचेगा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है। गेंहू के एक–एक दाने की खरीद 2125 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती

(दिनांक 11.04.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज कुरूक्षेत्र में सैनी समाज सभा एवं समस्त सैनी समाज की तरफ से महात्मा ज्योतिबा फुले के राज्य स्तरीय जयंती समारोह में कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन किसानों और गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित किया। इन्होंने महिलाओं को शिक्षित करने की पहल भी की। इन महापुरुष की शिक्षाओं को आज लोगों को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है। इससे पहले माननीय



मुख्यमंत्री जी ने महात्मा ज्योतिबा फुले चौक का उद्घाटन करने के उपरांत महात्मा ज्योतिबा फुले की मूर्ति का अनावरण किया। इसके उपरांत महात्मा ज्योतिबा फुले की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। समारोह में माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने निजी कोष से सैनी समाज को 31 लाख रुपये तथा सांसद श्री नायब सिंह सैनी की ओर से 21 लाख रुपये देने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि सरकार ने एक नई सोच के साथ काम करने का कार्य किया। इस सोच के तहत महापुरुषों व संतों को याद करने तथा युवाओं को प्रेरित करने के लिए महापुरुषों की जयंती को सरकारी तौर पर मनाने का निर्णय लिया। इसी कड़ी में ही महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले कुरुक्षेत्र में ही महापुरुष भगत शिरोमणि धन्ना भगत की जयंती को भी मनाने का संकल्प लिया गया था। इसी संकल्प के तहत 23 अप्रैल को कैथल के धनौरी गांव में जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इन महापुरुषों ने समाज के लोगों को जीवन जीने का सार दिया। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन शिक्षा को समर्पित किया। यह महापुरुष सही मायनों में समाज सुधारक थे। इस महापुरुष ने कहा था कि शिक्षा के बिना कुछ नहीं है, जो व्यक्ति शिक्षित नहीं होगा, उसका जीवन सफल नहीं हो पाएगा। इसलिए मनुष्य को आगे बढने़ के लिए शिक्षित होना जरुरी है।

उन्होंने कहा कि 1883 में जब महात्मा ज्योतिबा फुले ने गांवों में महिला शिक्षा स्कूल खोलने का प्रयास किया तो लोगों ने विरोध किया। इस विरोध के चलते महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपना गांव छोडक़र दूसरे गांव में स्कूल खोला और महिलाओं को शिक्षित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन से प्रेरित होकर लगातार काम कर रही है।

# धन्ना भगत पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम

(दिनांक 11.04.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने कुरुक्षेत्र जिला में श्री धन्ना भगत शिक्षा समिति, कुरुक्षेत्र द्वारा धन्ना भगत पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भगत शिरोमणि धन्ना भगत की वाणी को जन–जन तक पहुंचाने का काम करना है। इनका जिक्र श्री गुरु ग्रंथ साहिब में भी मिलता है। इनके जीवन से युवा पीढ़ी और समाज के लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए।

इससे पहले, माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्कूल प्रांगण में भगत शिरोमणि धन्ना भगत की मूर्ति का अनावरण किया। स्कूल के विद्यार्थियों से भगत शिरोमणि धन्ना भगत की जीवनी और उनके जन्म को लेकर कुछ प्रश्न किए। उन्होंने विद्यार्थियों को भगत शिरोमणि की जीवनी से रूबरू करवाने के लिए संस्थान के संचालकों से उनके जीवन पर एक पुस्तिका प्रकाशित करने के लिए कहा।



सभी लोगों को 23 अप्रैल को कैथल के गांव धनौरी में राज्य स्तर पर मनाई जाने वाली भगत शिरोमणि धन्ना भगत की जयंती का निमंत्रण देते हुए कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार सरकार की तरफ से बड़े स्तर पर धन्ना भगत की जयंती मनाई जा रही है, इसलिए अधिक से अधिक लोग इस कार्यक्रम में पहुंचे।

# हिसार जिले के सरपंचों से मुलाकात करना

(दिनांक 11.04.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी से आज दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में हिसार जिले के कुछ गांवों के सरपंचों ने मुलाकात कर कहा कि वे वर्तमान सरकार की नीतियों से खुश हैं और ई–टेंडरिंग व्यवस्था का समर्थन करते हैं। इन सरपंचों ने कहा कि ई–टेंडरिंग व्यवस्था से ग्राम पंचायत के कार्यों में पारदर्शिता आएगी और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने सरकार के इस निर्णय की सराहना की। मुलाकात करने वालों में हिसार जिला के गांव खरड़ के सरपंच रमेश कुमार, गांव अलीपुर के सरपंच सुभाष, गांव ढाणी रायपुर के सरपंच मदन लाल सहित कई ग्रामीण शामिल थे। इन ग्रामीणों ने माननीय मुख्यमंत्री जी की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपकी सरकार के पिछले लगभग साढे आठ सालों के कार्यकाल में युवाओं को मैरिट के आधार पर नौकरी मिली। उन्होंने बताया कि अकेले खरड़ व अलीपुर से बिल्कुल गरीब घरों के लगभग 300 युवाओं को सरकार की 'बिना खर्ची–बिना पर्ची' की नीति से नौकरी मिली, जो पहले की सरकारों में नहीं होता था।

इन सरपंचों ने माननीय मुख्यमंत्री जी को यह भी बताया कि सरकार की पारदर्शिता से काम करने की नीति की वजह से गांव के गरीब परिवारों के बीपीएल कार्ड बने और उन्हें आयुष्मान योजना का लाभ देने के लिए आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए हैं। इससे गरीब परिवारों को अच्छे अस्पतालों में इलाज की सुविधा मुहैया होगी, अन्यथा पहले तो किसी गरीब परिवार के सदस्य को यदि कोई गंभीर बीमारी हो जाती तो उसका घर तक बिक जाया करता था। इन्होंने माननीय मुख्यमंत्री जी को बताया कि अब उनके गांवों में पहले की अपेक्षा बिजली की आपूर्ति भी बेहतर हुई




हैं। यह सब सरकार की बिजली चोरी रोकने और म्हारा गांव–जगमग गांव की योजना का परिणाम है। इन ग्रामीणों ने वर्तमान सरकार की कार्यशैली को विकासपरक बताते हुए कहा कि जब से माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी है तो गांवों में झगडे कम हुए हैं और अमन–शांति का माहौल है। ग्रामीण क्षेत्र में सभी प्रकार के भेदभाव दूर किए गए हैं और गरीब से गरीब व्यक्ति की भी सुनवाई होती है।

# पलवल जिला का प्रवास

(दिनांक 12.04.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने जन संवाद कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय पलवल जिले के प्रवास की शुरुआत की। ग्रामीण क्षेत्र में अपने जन संवाद कार्यक्रम के तहत बृज भूमि पलवल पहुंचने पर जहां लोगों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और मानीनय मुख्यमंत्री जी लोगों के बीच बैठकर गांवों में किए गए कार्यों की जानकारी ली। बागपुर गांव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की मांग पर बागपुर के पांचवी कक्षा तक के कन्या विद्यालय को आठवीं कक्षा तक करने की भी घोषणा की। इसके अलावा, सोरडा की सड़क के लिए 4.15 करोड़ रुपये, बागपुर की सड़कों के लिए 2.10 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की। उन्होंने कहा कि सरकार ने बस क्यू शेल्टर बनाने व रखरखाव का कार्य अब जिला परिषद को सौंपा हैं और इस गांव





के बस क्यू शेल्टर का निर्माण भी जिला परिषद करेगी। उन्होंने कहा कि बागपुर होते हुए पलवल से बल्लभगढ़ के लिए 2 नई बसें चलाई जाएंगी। इसके अलावा लड़कियों के लिए अलग से बस की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही, गांव की फिरनी को भी पक्का किया जाएगा। गाँव की अनुसूचित जाति चौपाल का नवीनीकरण किया जाएगा।

**गांव धतीर में जनसंवाद...**

माननीय मुख्यमंत्री जी आज पलवल जिला के गांव धतीर में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से संवाद कर कहा कि प्रदेश के बड़े गांवों में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे।

इसके अलावा, उन्होंने धतीर गांव से पातली गांव तक नई सड़क का निर्माण 45 लाख रुपए से करवाने तथा हजारी बंगला चौपाल की मरम्मत के लिए 10 लाख रुपए और धतीर से मडकोला तक 3.30 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण के लिए 3 करोड रुपए मंजूर करने की घोषणा भी की।

पलवल जिला में जन संवाद कार्यक्रम के अपने दौरे के दौरान धतीर गांव से

# साप्ताहिक सूचना पत्र

मण्डकौला जाते हुए धतीर गांव के तालाब का निरीक्षण किया। तालाब में गंदगी देख माननीा मुख्यमंत्री जी ने पानी की सफाई के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए।

**गांव मण्डकौला में जनसंवाद कार्यक्रम...**

मानीनय मुख्यमंत्री जी आज पलवल जिला के गांव मण्डकौला में जन संवाद कार्यक्रम के दौरान घोषणा करते हुए कहा कि बहीन, हथीन, मण्डकौला सहित 5 गांवों में लाइब्रेरी बनाई जाएगी। इसके अलावा, गांव में सवा करोड़ रुपये की लागत से खरीद केंद्र बनाने को भी माननीय मुख्यमंत्री जी ने मंजूरी प्रदान की। मानीनय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मण्डकौला गांव से 6 किलोमीटर की सड़क को भी मंजूर किया गया है। साथ ही, धतीर–मण्डकौला गांव के बीच 3.5 किलोमीटर की सड़क के लिए 3.2 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। उन्होंने कहा कि आसपास के इलाके के 10 महाग्राम में सीवरेज व्यवस्था और तालाब का सुधारीकरण करवाया जाएगा। इसके



अलावा, गांव के सीएचसी सेंटर के अपग्रेडेशन तथा पीडब्ल्यूडी भवन का निर्माण कार्य जारी है।

**गांव हथीन में जनसंवाद कार्यक्रम...**

हथीन में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि हथीन में जल्द ही हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का एक सेक्टर विकसित किया जाएगा, इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि हथीन में एक लाइब्रेरी भी स्थापित की जाएगी तथा सामाजिक समारोह व कार्यक्रमों के आयोजन की सुविधा के लिए एक सामुदायिक केंद्र भी स्थापित किया जाएगा।

हथीन कस्बे में सीवरेज और पानी की समस्या को दूर किया जाएगा। इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को एक परियोजना बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने हथीन में सीवरेज सफाई के लिए जेटिंग मशीन की मंजूरी भी प्रदान की तथा सीवरेज सफाई हेतु सुपर सकर मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए





उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए।

**गांव उटावड में जनसंवाद कार्यक्रम...**

माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज पलवल जिला के उटावड गांव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम से पहले शहीदों के गांव कहे जाने वाले रूपडाका गांव में पहुंचे। गांव वालों ने माननीय मुख्यमंत्री जी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने शहीद मीनार के समक्ष अमर शहीदों की शहादत को नमन किया और गांव में बनी करीब 105 फ़ीट ऊंची शहीद मीनार के नवीनीकरण के लिए 5 लाख रुपये की राशि सहयोग स्वरूप देने की घोषणा की। माननीय मुख्यमंत्री जी न`घोषणा की है कि प्रदेश के 10 हजार से अधिक आबादी वाले 135 महाग्राम में अगले तीन माह में फिरनी के नव–निर्माण का कार्य किया जाएगा। उटावड़ गांव सहित साथ लगते अन्य गांवों में बिजली की निर्बाध आपूर्ति रहे, इसके लिए गांव उटावड़ में 66 केवी का नया सब स्टेशन बनाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत 10 दिन में जमीन निगम को मुहैया कराएगी तो तुरंत प्रभाव से सब स्टेशन निर्माण

कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जनसंवाद के दौरान ढकनपुर पंचायत के गुलेसरा गांव के ग्रामीण ने गुलेसरा गांव तक की सड़क बनवाने का अनुरोध किया, इस पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने तुरंत घोषणा करते हुए इस सड़क को मंजूरी प्रदान कर दी।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उन्होंने गांव में बन रहे अमृत सरोवर का निरीक्षण किया है और अगले माह मई में गांव के अमृत सरोवर को गांव की जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

**गांव बहीन में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन...**

माननीय मुख्यमंत्री जी ने पलवल जिला के गांव बहीन में जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों की मांग के अनुरूप गांव के 33 केवी सब स्टेशन को अपग्रेड करके 66 केवी का बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गांव बहीन में लड़कियों के कॉलेज के लिए जमीन हेतू मानपुर और बहीन की पंचायतें नए सिरे से प्रस्ताव पास करके भेजें, कॉलेज का निर्माण



किया जाएगा।

गांव बहीन के आंगनवाड़ी केंद्रों में राशन संबंधी मिली शिकायतों के लिए अतिरिक्त उपायुक्त को जांच करने के निर्देश देते हुए कहा कि आंगनवाड़ियों में कितना राशन आता है और उसके वितरण का क्या तरीका है इसकी बारीकी से जांच की जाए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की 5 सड़कों के निर्माण को लेकर जल्द ही

टेंडर किए जाएंगे, जिनमें अलीमेव गांव से बहीन, बहीन से उदयपुर मंगोरी, मालपुर से औरंगाबाद, बहीन से मालपुर आदि सड़कों की टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू करा दिए जाएंगे। जनसंवाद कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री ने गांव बहीन में दादा कान्हा गौशाला का भी दौरा किया।

**गांव बंचारी में जनसंवाद कार्यक्रम...**

बंचारी गांव में जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बंचारी गाँव में पानी की समस्या का रैनीवेल योजना के माध्यम से समाधान किया जाएगा। इस योजना पर लगभग 200 करोड़ रुपये खर्च होंगे। रैनीवेल योजना से इस इलाके के गांवों को भी स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो पाएगा इसके अलावा, माननीय मुख्यमंत्री जी ने ढाढका गांव के स्कूल को 12वीं कक्षा तक अपग्रेड करने तथा लोहाना गांव में संस्कृति मॉडल स्कूल खोलने को मंजूरी दी।

उन्होंने बंचारी से होडल माईनर और आस पास की 3 सड़कों तथा गांव में कम्युनिटी सेंटर के निर्माण को भी मंजूरी दी। उन्होंने गांव में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए सिंथेटिक ट्रैक बनाने को भी मंजूरी प्रदान की।

उन्होंने कहा कि सरकार हर नागरिक के स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करते हुए आयुष्मान योजना के तहत हर गरीब परिवार को 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की है। इस गांव में भी 5171 आयुष्मान कार्ड बने हैं और 2 व्यक्तियों ने इस योजना का लाभ लिया है। उन्होंने कहा कि पीपीपी से अब पात्र लोगों को सभी प्रकार की सुविधाएं घर बैठे ही मिल रही हैं।

**गांव औरंगाबाद में जनसंवाद कार्यक्रम ...**

माननीय मुख्यमंत्री जी आज अपने जन संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत जिला पलवल के गांव औरंगाबाद के लिए अनेक घोषणाएं करते हुए गांव औरंगाबाद में दो बारात घरों के लिए 50 लाख रुपए की राशि मंजूर की। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कुंडली–मानेसर–पलवल

(केएमपी) एक्सप्रेसवे के साथ–साथ हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर बनने से पलवल की चंडीगढ़ से सीधे क्नेक्टिविटी होगी। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि गांव में विभिन्न सड़कों के लिए 25 लाख रुपए की राशि के अंतर्गत औरंगाबाद से मानपुर, औरंगाबाद से दीगोद की सड़कें बनाई जाएंगी। औरंगाबाद से टिकरी, गोपालगढ़ और बनवाडी की सड़कों का काम भी अप्रैल माह के बाद शुरू कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त गांव में ई– लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी तथा जिला परिषद के माध्यम से स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी।

**गांव होडल में जनसंवाद कार्यक्रम...**

माननीय मुख्यमंत्री जी आज पलवल जिले के गांव होडल शहर में माता सती सरोवर तट पर क्षेत्र के लोगों से जन संवाद कार्यक्रम में रूबरू कर कहा कि हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है जो किसानों के हित में 14 फसलों की खरीद





न्यूनतम समर्थन मूल्य(एमएसपी) पर कर रहा है। उन्होंने होडल नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों के मामले में रखी गई मांग पर उन्हें राहत देते हुए सम्बंधित सफाई कर्मचारियों की लंबित सैलरी 75 फीसदी तुरंत रिलीज़ करने के आदेश दिए। होडल मंडी के लिए ढाई करोड़ रुपये देते हुए निर्माण कार्य शुरू करने की घोषणा की। होडल हल्के के लिए 200 करोड़ रुपये की योजनाओं से पेयजल समस्या का समाधान होगा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने होडल में श्री कृष्ण चौबीसी गौशाला में सहयोग के लिए 11 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की।

इसके अलावा इस क्षेत्र की चौपालों व धर्मशालाओं के लिए रिपेयर कार्य भी जल्द शुरू किया जायेगा।

### गांव हसनपुर में जनसंवाद कार्यक्रम..

माननीय मुख्यमंत्री जी ने जिला पलवल के विभिन्न गांवों में चल रहे अपने जन संवाद कार्यक्रम के तीसरे दिन शुक्रवार को गांव हसनपुर के नव निर्मित बस स्टैंड का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने

# साप्ताहिक सूचना पत्र



हसनपुर से चंडीगढ़ और मथुरा के लिये बसें जल्द शुरू की जाने की घोषणा की। हसनपुर बस स्टैंड से पलवल, दिल्ली, चंडीगढ़, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, हरिद्वार, गुरुग्राम आदि स्थानों के लिए बस सेवा जल्द शुरू की जाएगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हसनपुर बस स्टैंड पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय, यात्रियों के बैठने व अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

**गांव खाम्बी में जनसंवाद कार्यक्रम...**

माननीय मुख्यमंत्री जी आज शुक्रवार को पलवल जिला के गांव खाम्बी स्थित राम मंदिर पार्क में जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से रूबरू हो कर कहा कि गांव खाम्बी में पीने के पानी की समस्या के स्थाई समाधान के लिए सरकार सजग है, जिसके लिए 200 करोड़ रुपए की रेनीवेल परियोजना में गांव खाम्बी को शामिल करते हुए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

गांव में कन्या महाविद्यालय बनाने की मांग पर सरकार विचार करेगी और क्षेत्र के तीन मुख्य सड़कों के निर्माण का कार्य जल्द शुरु किया जायेगा। उन्होंने ब्राह्मण

# साप्ताहिक सूचना पत्र



महासभा के अनुरोध पर पलवल में खाली पड़ी सरकारी जमीन में से सर्कल रेट पर धर्मशाला के लिए 2 हजार गज जमीन नियमानुसार देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जनभावनाओं के अनुरूप सरकार एक से बढ़कर एक कल्याणकारी नीतियां बना रही है, ताकि लोगों को उनका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। पूरा हरियाणा मेरा परिवार है आपकी शिकायत कागज पर लिखे कुछ शब्द नहीं बल्कि एक जरूरत है और इसे सरकार गंभीरता से लेकर समाधान कराएगी।

**गांव बड़ोली में जनसंवाद कार्यक्रम...**

माननीय मुख्यमंत्री जी आज शुक्रवार को पलवल जिला में अपने तीन दिवसीय जनसंवाद कार्यक्रम के तहत गांव बड़ोली में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के 2 करोड़ 84 लाख आबादी मेरा परिवार है और उनकी देखभाल करना मेरा काम है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कार्यक्रम में पहुंचे पर सरपंचों से मांग पत्र के साथ साथ गांव की

# साप्ताहिक सूचना पत्र



एक–एक प्रमुख मांग के बारे में पूछा तो अनेक सरपंचों ने गांव में बारातघर और शमशान घाट से जुड़ी मांग रखी। उन्होंने तुरंत घोषणा करते हुए कहा जिस गांव में एक भी धर्मशाला नहीं है वहां पर बारात घर खोले जाएंगे। इसी तरह शिवधाम नवीनीकरण योजना के तहत सभी गांवों में शमशान या कब्रिस्तान में चार दीवारी, शेड, पीने का पानी व रास्ता भी बनवाया जाएगा।

जनसंवाद कार्यक्रम में गांव बड़ोली के राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने गांव में कॉलेज खोलने पर माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार जताया और कॉलेज में स्टाफ की मांग रखी। जिस पर उन्होंने कहा कि जल्द ही ट्रांसफ़र ड्राइव आरम्भ होगी। अगर तब भी कमी रही तो हरियाणा कौशल रोजगार पोर्टल के माध्यम से शिक्षकों की कमी को दूर किया जाएगा।

जनसंवाद कार्यक्रम में क्षेत्र के विकास के लिए घोषणाएं करते हुए कहा कि मीसा से बड़ोली के मार्ग को 12 फुट से 18 करने के लिए 2 करोड़ रुपए की मंजूरी, कुशक, टीकली, सरूपा नंगला सहित आधा दर्जन गांवों में एससी कम्युनिटी सेंटर बनाए जाएंगे, गांव बड़ोली में वाल्मीकि चौपाल, बड़ोली की पंचायत को चार करोड़ का बजट, जिला परिषद के माध्यम से बड़ोली में बस क्यू शेल्टर आदि बनाये जायेंगे। इसके अलावा होशंगाबाद, रसूलपुर से जतौली तथा रसूलपुर से हसनपुर तक सम्पर्क सड़कों का जल्द निर्माण किया जायेगा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पिछले 8 सालों में हमारी सरकार ने प्रदेश में लोगों का जीवन सरल बनाया है।

# ई–अधिगम योजना के तहत टैबलेट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से सीधा संवाद

(दिनांक 15.04.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ई–अधिगम योजना के तहत टैबलेट प्राप्त करने वाले बच्चों तथा उनके अभिभावकों से सीधा संवाद किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने और गरीब व जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा मुहैया करवाने के उद्देश्य से शुरू की गई ई–अधिगम योजना पूरी तरह से कारगर सिद्ध हो रही है। इस योजना के तहत अब तक साढ़े 5 लाख विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान किये जा चुके हैं। इसके साथ प्रतिदिन 2जीबी इंटरनेट डाटा भी मुफ्त दिया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने 1,000 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी योजना बनाई, जो पूरे भारत में स्कूल शिक्षा में पहली योजना है।

संवाद के दौरान टैबलेट प्राप्त करने वाले स्कूली विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल करके मुख्यमंत्री ने गरीब बच्चों को भी ऊंचे सपने देखने का हौंसला दिया है। आज हम भी ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई कर पा रहे हैं, तो यह केवल हरियाणा सरकार की बदौलत मुमकिन हुआ है। विद्यार्थियों ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान जब स्कूल पूरी तरह से बंद हो गए थे, तब उन्हें ऐसा लगता था कि वह शिक्षा से वंचित रह जाएंगे, लेकिन बच्चों को मुफ्त टैबलेट देने के माननीय मुख्यमंत्री जी के इस प्रयास से हमें न केवल शिक्षा प्राप्त हुई, बल्कि आज हम प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी तैयारी कर पा रहे हैं।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि डिजिटल तकनीक का उपयोग शिक्षा के क्षेत्र में काफी समय से हो रहा है, लेकिन 2 साल पहले आई कोविड–19 महामारी के समय यह तकनीक हर विद्यार्थी की जरूरत बन गई थी। कोविड–19

# साप्ताहिक सूचना पत्र

महामारी के इस दौर में हमें जरूरत महसूस हुई कि प्रदेश के विद्यार्थियों के पास डिजिटल डिवाइस होना वर्तमान युग की आवश्यकता है। इसलिए राज्य सरकार ने विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान करने का निर्णय लिया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि वे इस टैबलेट का अधिकतम उपयोग करें। इसके सदुपयोग से आप दुनिया का श्रेष्ठ ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं, जो आपके जीवन को सरल और सफल बनायेगा। उन्होंने



# साप्ताहिक सूचना पत्र

कहा कि ये टैबलेट बच्चों के कौशल का विकास करने के साथ–साथ विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में भी उनकी सहायता कर रहे हैं। इसके अलावा उन्हें नए अवसरों की प्राप्ति भी होगी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार ने 37,370 अध्यापकों को भी टैबलेट उपलब्ध करवाए हैं, ताकि उन्हें भी बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा देने की सुविधा प्राप्त हो। सरकार ने नए शैक्षणिक वर्ष 2023–24 में टैबलेट के वितरण के लिए एस.ओ.पी. तैयार की है। इसके लिए स्कूलों की ओर से कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सरकार का लक्ष्य है कि मई, 2023 के अंत तक कम से कम 60 प्रतिशत छात्र और शिक्षक टैबलेट का उपयोग करें।

इसके लिए शिक्षकों को निर्देश दिये हैं कि वे कक्षा में और घर पर प्रतिदिन स्वयं और छात्रों द्वारा टैबलेट का उपयोग सुनिश्चित करे। टैबलेट के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए अधिकारियों और शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 को वर्ष 2025 तक पूरी तरह लागू करने का लक्ष्य रखा है। इस नीति का एक उद्देश्य विद्यार्थियों का कौशल विकास करना है। हरियाणा के विद्यार्थियों को यदि 21 वीं सदी के कौशलों में दक्ष बनाना है तो यह तभी संभव है यदि उन्हें पर्सनल डिजिटल डिवाइस उपलब्ध करवाये जायें। अब स्कूल स्तर पर जिन विद्यार्थियों को डिजिटल एक्सेस मिल रहा है, वे आने वाले वर्षों में आईटी क्षेत्र में या 21 वीं सदी के कौशलों में हाथ आजमाते दिखेंगे। इन कौशलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑगमेंटेड रियलिटी, वर्चुअल रियलिटी, डाटा माइनिंग, ब्लॉक चौन मैनेजमेंट, कोडिंग, गेमिंग इत्यादि शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि इस समय पूरे संसार में स्कूल शिक्षा में कुल 6 से 7 देश ऐसे हैं, जो ब्रिंग योर ऑन डिवाइस के नाम से इस योजना को चला रहे हैं। लेकिन हरियाणा सरकार ने बच्चों को डिवाइस उपलब्ध करवाकर देश में ही नहीं, अपितु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बनाया है।

# हाई पावर्ड वर्किंग कमेटी का निर्णय पंचकूला में होगा कचरे का डोर–टू–डोर कलेक्शन

(दिनांक 16.04.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में हुई हाई पावर्ड वर्किंग कमेटी द्वारा पंचकूला जिले में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने और कचरे के निस्तारण हेतु आगामी एक साल के लिए एजेंसी को कार्य दिया है। एजेंसी द्वारा कचरे के निपटान के लिए डोर–टू–डोर कलेक्शन, ट्रांसपोर्टेशन और प्रोसेसिंग की जाएगी। पंचकूला शहर से कचरा एकत्र कर अंबाला के पटवी में डाला जाएगा। बैठक में बताया गया कि पंचकूला शहर में लगभग 70 हजार घरों से लगभग 200 टन प्रति दिन कचरा निकलने का अनुमान है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि कचरे के डोर–टू–डोर कलेक्शन सुनिश्चित करने के लिए वाहनों पर जीपीएस के साथ–साथ सभी घरों में आरएफआईडी लगाई जाए। इससे हर घर से कचरे का उठान सुनिश्चित होगा तो वहीं निगम के पास भी वास्तविक जानकारी उपलब्ध रहेगी और अधिकारी निगरानी रख सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के किसी एक नगर निगम क्षेत्र में निगम अपने स्तर पर एक पायलट प्रोजेक्ट चलाए, जिसके तहत निगम के सफाई कर्मचारी कचरे का डोर–टू–डोर कलेक्शन करें।

